## सार-समाचार

### जयपुर व मलारना की टीमों ने जीते मैच

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** डिस्कॉम क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-3 के लीग मैच शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर खेले गए। इन मुकाबलों में जयपुर और मलारना की टीमों ने जीत दर्ज की। जयपुर ने दो मैच जीते, जबकि मलारना ने एक मैच में शानदार प्रदर्शन कियझं आयोजन समिति के सदस्य भूपेश शर्मा, विकास अग्रवाल, वीर सिंह गुर्जर, श्रीमोहन और मोंटी उर्फ मनीष ने बताया कि प्रतियोगिता के चौथे दिन का पहला मुकाबला जयपुर और गंगापुर की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर गंगापुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 74 रन बनाए, जिसमें वीरसिंह ने 17 रन का योगदान दिया। जवाब में जयपुर की टीम ने 7.4 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 78 रन बनाकर 7 विकेट से जीत दर्ज की। जयपुर के अशोक लखवाड़ ने 40 रन की पारी खेली। मैच में सीएम मीणा को मैन ऑफ द मैच और बेस्ट गेंदबाज चुना गया, जबकि अशोक लखवाड़ को सिक्स ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। दूसरा मुकाबला खंडार और मलारना के बीच हुआ। खंडार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मलारना की टीम ने मात्र 3.4 ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान के 10 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में मनोज चौधरी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।तीसरा मुकाबला निवाई और जयपुर के बीच खेला गया। इसमें निवाई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 142 रन बनाए। जवाब में जयपुर की टीम ने यह लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से जीत दर्ज की। आयोजन कमेटी के मनीष शर्मा ने बताया कि अब सेमीफाइनल मुकाबले सवाई माधोपुर और जयपुर के बीच, तथा गंगापुर और करौली के बीच खेले जाएंगे। इस दौरान भूपेश शर्मा, वीर सिंह गुर्जर, श्रीमोहन, मोंटी उर्फ मनीष और विजेंद्र वैरवा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर ट्राली पलटने से युवक की मौत

**करौली, (निसं)।** जिले के मासलपुर तहसील मुख्यालय से खूंडा केशपुरा की ओर जा रहे सड़क मार्ग पर रुंधपुरा गांव के पास स्थित सड़क की ढलान में ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर ट्राली पलटने से चालक की मृत्यु हुई और दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और शादी की खुशी में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार ट्रैक्टर चालक सहित एक ही परिवार के तीन युवक भरत राम पुत्र कल्याण सिंह निवासी भूड खेड़ा रविंद्र सिंह पुत्र फतेह सिंह हरकेश सिंह थे ।तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को करौली सामान्य चिकित्सालय लाया गया जहां उपचार के दौरान भरत राम पुत्र कल्याण सिंह की मृत्यु हो गई रविंद्र का उपचार जारी है और हरकेश को प्राथमिक उपचार दिया मृतक के शव को परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले गए जानकारी के अनुसार मृतक के दो छोटे भाइयों की 20 अप्रैल को शादी होनी है जी शादी के उपलक्ष में गत दिन 17 अप्रैल को गांव में मांडा दिया गया जिसके लिए मासलपुर से लाए गए टेंट के सामान को मासलपुर पहुंचा कर वापस गांव लौट रहे थे लौटते वक्त यह घटना घटी। जिसकी सूचना क्षेत्र में हवा की तरह फैल गई और परिवारजन में कोहराम मच और पूरे गांव में मातम छा गया।

### स्कूल में चोरी का प्रयास

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** मांदलगांव स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शुक्रवार रात चोरी का प्रयास किया गया। चोर स्कूल के कार्यालय का ताला तोड़ने में नाकाम रहे, जिससे लाखों रुपए का सामान सुरक्षित बच गया। घटना का पता शनिवार सुबह तब चला जब संस्था प्रधान विद्यालय पहुंचे और कार्यालय के ताले से छेड़छाड़ देखी। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने तत्काल रामसिंहपुरा पुलिस चौकी को सूचना दी और लिखित शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। स्कूल स्टाफ के अनुसार, यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी यहां चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, जिनमें गैस सिलेंडर और खाद्यान्न सामग्री चोरी हुई थी। इन मामलों में पहले ही पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। ग्रामीणों ने इन लगातार हो रही घटनाओं को गंभीर बताते हुए पुलिस प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### इंदरगढ़ देवी की मासिक यात्रा 25 को

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** मां इंदरगढ़ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में इंदरगढ़ देवी दरबार जिला बूंदी की बसयात्रा कर्मचारी कॉलोनी स्थित गौरव मैरिज होम के सामने से 25 अप्रैल शनिवार शाम 4 बजे सैकड़ो प्रस्थान करेंगी। इन्द्रगढ पहुंचकर रात्रि 9 बजे से गंगापुर वालों की धर्मशाला इंदरगढ़ में भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा एवं 26 अप्रैल रविवार प्रात: 6 बजे माता रानी के दर्शन कर भोग प्रसादी लगाकर कन्या पूजन के साथ भंडारा आयोजित किया जावेगा समिति अध्यक्ष देवी चरण गर्ग ने यात्रा व भगवती जागरण आयोजन में अधिक से अधिक भक्तों को शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आवा किया है।

### खाद्य सुरक्षा की जानकारी दी

**करौली, (निसं)।** राज्य में चलाई जा रहे राज्य सरकार के अभियान ''शुद्ध आहार मिलावट पर वार''के तहत ईंट राईट स्कूल अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में खाद्य सुरक्षा विभाग की तरफ से वीकेश कुमार मीणा,विनोद कुमार मीणा और यशवेंद्र चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के वारे में जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि टीम के द्वारा हाइजीन एवं मानसिक स्वास्थ्य,कोल्ड ड्रिंक का सेवन ना करने,घरेलू पेय पदार्थ जैसे छाछ पानी का प्रयोग अधिक करने,फास्ट फूड,जंक फूड से होने वाली खतरनाक बीमारियों,अपने भोजन में फलों,हरी सब्जियां,मिलेट्स (बाजरा,मक्का) दालें, ताजे मौसमी फल को शामिल करने।पैकेज फूड पर ट्रांसफैट फ्री,लेबल देखकर उपयोग करना,खान-पान में चीनी,नमक की मात्रा कम करना अधिक चीनी और नमक के प्रयोग से होने वाले दुष्परिणाम और संतुलित आहार लेने के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर मॉडल स्कूल करौली की तरफ से राजेश कुमार मीणा,सोहन पालजाटव,मुकेश कुमार मीणा दिनेश राघव व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### आंदोलन की दी चेतावनी

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती के विरोध में राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत ने शिक्षा विभाग और सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन ने स्पष्ट कहा है कि यदि अवकाश कटौती का आदेश वापस नहीं लिया गया तो 30 अप्रैल के बाद बड़ा आंदोलन किया जाएगा तथा शिक्षा मंत्री का विरोध भी किया जाएगा। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रणजीत मीना ने बताया कि 31 मार्च 2026 को शिक्षा विभाग द्वारा जारी शिविरा में ग्रीष्मकालीन अवकाश 17 मई से 20 जून तक निर्धारित किए गए हैं, जबकि पूर्व में यह अवकाश 17 मई से 30 जून तक रहते थे। साथ ही संस्था प्रधान द्वारा घोषित अवकाश भी दो से घटाकर एक कर दिया गया है, जिससे शिक्षकों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 7 अप्रैल को पूरे राजस्थान में जिला कलेक्टर कार्यालयों पर ज्ञापन सौंपे गए थे, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ है। संगठन की मांग है कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों और छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पूर्ववत अवकाश बहाल किए जाएं। प्रदेश मुख्य संरक्षक गिरिराज शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रभान चौधरी ने कहा कि शिक्षकों ने जैसे जटिल कार्यों को समय पर पूरा किया, पाठ्यक्रम पूर्ण कराया, बोर्ड और स्थानीय परीक्षाएं संपन्न कराईं, परिणाम जारी किए तथा नए शैक्षिणक सत्र की शुरुआत भी समय पर कराई। इसके बावजूद अवकाश कटौती किया जाना अनुचित है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने आदेश में संशोधन नहीं किया तो राजधानी में बड़ा आंदोलन किया जाएगा और जहां-जहां शिक्षा मंत्री जाएंगे, वहां विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। संगठन को करीब एक दर्जन शिक्षक संगठनों का समर्थन भी मिलने का दावा किया गया है।

### 5000 का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत अटलबंद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 माह से फरार चल रहे रू 5000 के इनामी बदमाश सतीश को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मेन्द्र यादव तथा वृत्ताधिकारी शहर नरेन्द्र के सुपरविजन में थानाधिकारी हेमेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी सतीश पुत्र प्रताप, जाति जाटव, निवासी नगला बरसो विजय नगर थाना अटलबंद, भरतपुर थाना अटलबंद के प्रकरण संख्या 248/25 में वांछित चल रहा था। आरोपी पर मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था।

# बंदरों के आतंक से दो विद्युत पोल सहित टेलीफोन पोल टूटा

**करौली, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित सबसे व्यस्ततम बाजार पुरानी अनाज मंडी में शनिवार को प्रात विद्युत निगम के अधिकारी कर्मचारियों की अनदेखी और बंदरों के आतंक से दो विद्युत पोल सहित एक टेलीफोन पोल टूटा गनीमत यह रही की कोई अनहोनी की घटना नहीं घटी जबकि घटना इतनी गंभीर थी की प्रत्यक्ष दर्शियों की घटना को देख रूं कांप गई ।और घटना की सूचना शहर में हवा की तरह फैल गई।

जानकारी के अनुसार यहां की पुरानी अनाज मंडी स्थित गणेश जी के मंदिर के ठीक सटा हुआ एक विद्युत पोल खड़ा था। जो नीचे से पूर्व से ही टूटा हुआ था ।इसके पूर्व से टूटे होने की बाजार के प्रमुख लोगों और उपभोक्ताओं ने टूटे हुए विद्युत पोल को बदलने की कई बार शिकायत भी की है ।यही नहीं विधायक पुत्र विश्वेंद्र सिंह ने भी विद्युत निगम के अधिकारियों को टूटे हुए पोल को बदलने की शिकायत की थी। लेकिन विद्युत निगम के अधिकारियों ने उन सभी शिकायतों को नजर अंदाज कर दिया। जिसका नतीजा यह निकला कि शनिवार को प्रात: ही शहर के सबसे व्यस्ततम बाजार में बंदरों के आतंक से दो विद्युत पोलो सहित एक टेलीफोन पोल टूटकर धराशाई हो गए। जिससे बाजार में वाहनों के आवागमन की व्यवस्था भी बाधित रही । गनीमत यह रही कि यह घटना प्रात ही घटी और जब तक बाजार नहीं खुला था । जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं घटी विद्युत पोलों के टूटने की घटना की सूचना पाकर लोगों की बड़ी भीड़ जमा हो गई ।और लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों पर शिकायतों की अनदेखी करने के आरोप लगाए।

विद्युत पोलो के टूटने की विद्युत निगम के अधिकारियों को लोगों ने सूचना दी। सूचना पाकर विद्युत निगम के अधिकारियों ने सबसे पहले बिजली सप्लाई बंद कराई और घटना स्थल पर विद्युत कार्मिक और ठेकेदार के कार्मिकों ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली और टूटे हुए विद्युत पोलों को बदलने का काम शुरू किया जो दिन भर चला और करीब 12 घंटे बाद विद्युत सप्लाई शुरू हुई

उधर प्रात: ही विद्युत पोल टूटने से शहर के बड़ा बाजार पुरानी अनाज मंडी पुरानी सब्जी मंडी वजीरपुर गेट सेट हाउस कॉलोनी सीताबाड़ी कपड़ा बाजार सहित आसपास की आबादी की विद्युत सप्लाई इस भीषण गर्मी के दौर में दिनभर बंद रहने से लोगों को भीषण गर्मी की मार झेलने के लिए विवस होना पड़ा। गौरतलव यह है कि विद्युत निगम के निचले स्तर के कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों को यूटिलिटी से विद्युत पोल टूटने की जानकारी दी जबकि प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि बंदरों के आतंक से विद्युत पोल टूटे हैं।

वहीं बाजार के लोगों का कहना है कि गणेश जी के मंदिर से ठीक सटा खड़ा विद्युत पोल नीचे से पूर्व से ही टूटा हुआ था जिसकी पूर्व में विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराकर टूटे हुए पोल को बदलने की मांग की गई यदि लोगों की शिकायत को विद्युत निगम के पूर्व में ही गंभीरता से लेकर टूटे हुए पोल को बदल देते तो आज यह घटना नहीं घटती इसी मौके पर शहर के कुछ लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों पर शिकायतों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में इस प्रकार के कई विद्युत पोल टूटने की कगार पर हैं।

उन्होंने बताया कि भूडारा बाजार में भी इसी प्रकार का टूटा हुआ पोल खड़ा है जिसकी भी शिकायत कर चुके हैं लेकिन उसको भी आज तक नहीं बदला गया है इधर विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता आर एस गुर्जर का कहना है कि यूटिलिटी वाहन से विद्युत पोल टूटने की सूचना मिली जिस सूचना पर विद्युत कार्मिको और ठेकेदार के कार्मिको मौके पर पहुंचकर नए पोल खड़े कर विद्युत सप्लाई सुचारु की।

## बार एसोसिएशन की बैठक

**डीग, (निसं)।** बार काउंसिल आफ राजस्थान के सदस्य पद के चुनाव की तैयारीयो को लेकर वार ऐसियोशेशन डीग के सभागार में अतिरिक्त चुनाव अधिकारी कृष्ण विजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त चुनाव अधिकारी अधिवक्ता कृष्ण विजय सिंह ने बताया कि वार काउंसिल आफ राजस्थान 2026 के सदस्य पद के चुनाव के लिए डीग जिला न्यायालय परिसर स्थित वार सभागार में 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने ने सभी अधिवक्ताओं ने मतदान करने की अपील की है। बैठक में बार एसोसिएशन डीग के अध्यक्ष सुबोध पाराशरये,अनिल कुमार गुप्ता, हरिकृष्ण शर्मा, कौशलेंद्र इंदौलिया, रमाकांत शर्मा सुरेंद्र सिंह, सुनील दत्त शुक्ला, रेनू कुमारी, क्षमा शर्मा, प्रिंकेश सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

# नवोदय विद्यालय में संकुल स्तरीय खेल ट्रायल संपन्न

■ 18 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने दिखाया दम, चयनित संभाग स्तर पर खेलेंगे

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** जवाहर नवोदय विद्यालय जाट बड़ौदा में आयोजित तीन दिवसीय संकुल स्तरीय हैंडबॉल व कबड्डी ट्रायल शनिवार को संपन्न हो गया। 16 से 18 अप्रैल तक चले इस आयोजन में 18 नवोदय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. रमेश बाबू ने बताया कि ट्रायल के आधार पर चयनित कबड्डी खिलाड़ियों को रोहतक तथा हैंडबॉल खिलाड़ियों को फरीदाबाद भेजा जाएगा। हैंडबॉल में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जबकि कबड्डी में बालक वर्ग के अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने प्रतिभागियों व निर्णायकों को सम्मानित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि खेल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि खेलों से व्यक्तित्व का निखार होता है और सामाजिकता, निर्णय क्षमता तथा सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। पीईटी मोहम्मद जाहिद ने जानकारी दी कि संकुल स्तर पर चयनित खिलाड़ी अब संभाग स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन अखलाक हुसैन ने किया। ट्रायल में करण सिंह मीणा, शफी मोहम्मद, मुजम्मिल हुसैन, सज्जन मीणा, इंतिजार हुसैन, अजीत सिंह और बलधारी सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अंत में प्रतिभागियों व निर्णायकों को सम्मानित किया गया, तथा वाइस प्रिंसिपल चौब सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# देशराज सिंह सोगरवाल की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी

■ भरतपुर में देशराज सिंह सोगरवाल की 56वीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर के महान स्वतंत्रता सैनानी, निर्भीक पत्रकार, लेखक, इतिहासकार ठा. देशराज सिंह सोगरवाल की 56वीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आचयोजन किया गया।

गोष्ठी के मुख्य अतिथि भाजपा नेता गिरधारी तिवारी थे, अध्यक्षता लोकदल जिलाध्यक्ष संतोष फौजदार ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अशोक जघीना व धीरेन्द्रपाल बिल्लू सूरज सेना थे। कवि श्याम सिंह जघीना के अनुसार ठा.देशराज का जन्म जघीना में हुआ था। ठाकुर साहब ऐसे क्रान्तिकारी नेता थे जिन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन में बडी भूमिका निभाई। शेखावटी के किसान आन्दोलन, मेवाड आन्दोलन में अठाणी नेता के रूप में बेकारी प्रथा समाप्त कराई सर्वहारा व शोषित वर्ग की प्रेरक शक्ति बने, राजस्थान केसरी तरूण समाज, अखवारों का सम्पादन किया। जाट इतिहास सहित सैकडों पुस्तकें लिखी। इस अवसर पर गिरधारी तिवारी ने कहा कि वे निर्भीक लेखक, संगठनकर्ता, महान विचारकव स्वतंत्रता सैनानी थे।

इस अवसर पर संतोष फौजदार ने बताया कि भरतपुर की जनता जब भारत के विलय पर विद्रोह कर रही थी तब ठाकुर साहब को जेल से रिहा किया गया उन्होंने भरतपुर को भारत में विलय करवाने का श्रेयस्कर कार्य कराया। इसी तरह के सभी वक्ताओं ने उनसे जुडे दस्तावेजी उदाहरण प्रस्तुत किये। इस अवसर पर ठा. देशराज विचार मंच का गठन किया गया।

जिसमें दीपक सोगरवाल को अध्यक्ष, कुलदीप सिंह सचिव व जगवीर सिंह ठेकेदार को संयोजक मनोनीत किया गया। इस मौके पर रघुवीर सिंह टुंडा, गिर्राज जघीना, पुष्पेन्द्र सिंह, होशियार सिंह आढतिया, राम सोगरवाल, ठा. भगवान सिंह, मुरारी लाल शर्मा, अशोक जघीना,जगवीर सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्याम सिंह जघीना साहित्यकार ने किया। दीपक सोगरवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## विजयसिंह का आरएएस में चयन

**भुसावर, (निसं)।** भुसावर उपखंड क्षेत्र के गांव छौंकरवाडा कलां के एक होनहार युवक का ओबीसी एक्स सर्विसमेन कोटे में 14 वीं रैंक प्राप्त करने पर आरएएस में फाइनल सलेक्शन हुआ है। गांव के एकमात्र युवक विजय सिंह (38) पुत्र महाराज सिंह जाट के पहली बार आरएएस बनने पर ठाामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाई बांटी है। इस होनहार युवक का एक ही सपना था कि एक दिन में गांव में बड़ा अधिकारी बन कर आऊंगा। आरएएस चयनित विजयसिंह जाट ने एक ही प्रतिज्ञा की थी कि जब तक में मेरे लक्ष्य में सफल नहीं हो जाता हूं तब तक में शादी नहीं करूंगा। इसी दृढ संकल्प को लेकर उन्होंने अभी तक शादी नहीं की। उन्होंने परीक्षाओं की तैयारी करते हुए कभी हार नहीं मानी। आरएएस में चयन से पूर्व विजयसिंह नेवी में ऑफिसर रैंक में सेवारत थे।

## आश्वासन दिया

**भरतपुर (निस)।** बहुजन समाज पार्टी का शिष्टमण्डल सेवर थाने के अंतर्गत गांव ततामड में भीमराव अम्बेडकर जयंती पर हुए जातीय संघर्ष में पीडित परिवार से मिला और बसपा शिष्टमण्डल ने पीडित परिवार से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर जांच अधिकारी सीओ भरतपुर से फोन पर वार्ता की और नामजद आरोपियें के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। शिष्टमण्डल ने पीडित परिवार को धैर्य रखने को आश्वस्त किया और कार्यवाही नहीं हुई तो उच्च अधिकारियों से मिलकर कानूनी कार्यवाही कराने के लिए बसपा संघर्ष करेगी। शिष्टमण्डल में हरीसिंह तेनगुरिया प्रदेश प्रभारी, भगवान सिंह बाबा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

**भरतपुर, (निसं)।** महानिदेशक पुलिस साइबर क्राईम, राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार एवं जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर दिगंत आनन्द के निर्देशन में जनसुरक्षार्थ साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम उप पुलिस अधीक्षक साइबर क्राईम पुलिस थाना भरतपुर के नेतृत्व में विजय सोनी, प्रोग्रामर, रामेश्वर, सहायक उपनिरीक्षक, वैभव अग्रवाल, सूचना सहायक साइबर क्राईम पुलिस थाना भरतपुर द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सिविल लाईन्स, भरतपर में भावना धनकर, प्रधानाचार्य, व राजीव, दलवीर, वरिष्ठ अध्यापक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सिविल लाईन्स, भरतपर की उपस्थिति में साईबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाकर शिक्षक, शिक्षीकाओं एवं छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

जिसमें वर्तमान में हो रहे साईबर अपराध जैसे सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों, सैक्सटोर्षन, डिजिटल अरैस्ट, सामाजिक योजनाओ के सरकार के द्वारा जारी सहायता राशि व परिचित बनकर पैसे भेजने, शेयर मार्केट में टेलीठााम व सोशल मीडिया द्वारा टिप्स भेजकर इन्वेस्टमेन्ट, ऐपीके फाइल्स आदि के बारे में जानकारी दी गई व उसकी रोकथाम हेतु क्या उपाय किये जाये के बारे में भी जानकारी दी गई। वर्तमान में साईबर अपराधियो द्वारा नवीनतम तकनीक का प्रयोग करके किये जा रहे साईबर अपराधो से किस प्रकार बचा जा सकता है पर भी अपने विचार व्यक्त किये। साईबर अपराध होने पर तुरन्त हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर तथा साइबर पोर्टल पर उसकी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

# केन्द्रीय पुस्तकालय शोध व नवाचार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा'

**भरतपुर, (निसं)।** महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के परिसर में हाल ही में निर्मित आधुनिक केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया है। यह पुस्तकालय न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का नया केंद्र बनेगा, बल्कि शोध और नवाचार की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार नई लाइब्रेरी को स्मार्ट एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इसमें विश्वविद्यालय द्वारा पूर्ण ऑटोमेशन सिस्टम अपनाया गया है। सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. लखमी सिंह ने बताया कि अब पुस्तकालय में पुस्तक एंट्री से लेकर पुस्तक घर ले जाने तक की पूरी प्रक्रिया स्वचालित कर दी गई है। पुस्तकालय में आरएफआईडी गेट, ओपेक मशीन, सेल्फ सर्विस कियोस्क मशीन, बुक ड्रॉप बॉक्स, कोहा सॉफ्टवेयर, स्मार्ट कार्ड प्रिंटिंग मशीन एवं वाई-फाई सुविधा उपलब्ध है। जब कोई छात्र पुस्तकालय में प्रवेश करेगा तो गेट पर लगा डिजिटल रीडर छात्र के चेहरे या फिंगरप्रिंट को स्कैन करेगा। लगभग 20 हजार पुस्तकों, 500 जर्नल्स एवं 1,731 ई-बुक्स की सुरक्षा के लिए प्रत्येक पुस्तक में विशेष आरएफआईडी टैग लगाया गया है। यदि कोई बिना एंट्री किए पुस्तक बाहर ले जाने की कोशिश करेगा तो गेट पर लगा अलार्म तुरंत बज उठेगा। इससे न केवल समय बचेगा बल्कि कीमती पुस्तकों की चोरी भी रुकेगी। छात्रों की सुविधा के लिए सेल्फ सर्विस कियोस्क मशीन लगाई गई है, जिससे छात्र स्वयं जान सकेंगे कि उनके नाम पर कौन-कौन सी पुस्तकें जारी हैं और उन्हें कब लौटाना है।

सबसे खास सुविधा ऑटोमेटेड ड्रॉप बॉक्स है। छात्र पुस्तक को इसमें जमा कर सकते हैं, जिससे सिस्टम अपने आप पुस्तक दर्ज कर छात्र के खाते को अपडेट कर देगा। प्रत्येक लेन-देन के बाद मशीन से रसीद भी मिलेगी, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी। भरतपुर संभाग के लिए यह गर्व का विषय है कि महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय का केंद्रीय पुस्तकालय न केवल डीग जिले में श्रेष्ठ है, बल्कि पूरे राजस्थान के उत्कृष्ट विश्वविद्यालय पुस्तकालयों में गिना जा सकता है। यहां विद्यार्थियों को विषयवार पुस्तकों का समठा संठाह, ई-लाइब्रेरी, डिजिटल संसाधन एवं शांत अध्ययन कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सुव्यवस्थित संरचना और तकनीकी उन्नयन के माध्यम से यह पुस्तकालय शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित कर रहा है।

## सार-समाचार

### धोखाधड़ी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**सरमथुरा, (निसं)।** पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सागवान के निर्देश पर ऑपरेशन साइबर शील्ड म्यूल हंटर के तहत यह कार्रवाई की गई है। थानाधिकारी हरिंद सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर खरेर नदी के पास से इन तीनों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पूछताछ में इनकी पहचान अनिल मीणा (उमरह), सत्येंद्र सुनकई और एक नाबालिग के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी विदेशी नागरिकों को भी निशाना बनाते थे। वे खुद को पुलिस अधिकारी या प्रेमी बताकर लोगों को फंसाते, अश्लील वीडियो बनाते और बैंक खातों को किराए पर लेने का लालच देते थे। इनके पास से चार आईफोन भी बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपनी महंगी जीवनशैली और शौक पूरे करने के लिए साइबर अपराध करते थे। ये पहले भी साइबर धोखाधडी के मामलों में हरियाणा की जेल में रह चुके हैं। गिरफ्तार नाबालिग को बाल न्यायालय में पेश कर बाल सुधार गृह भेजा गया है। वहीं, दोनों वयस्क आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर सरमथुरा थाना भेजा गया है। पुलिस उनसे आगे की पूछताछ कर रही है और इस मामले में और खुलासे होने की उम्मीद है।

### कृषि पर्यवेक्षक परीक्षा संपन्न

**करौली, (निसं)।** चाक-चौबंद सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच शनिवार को जिला मुख्यालय पर कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए बनाए गए 11 केंद्रों पर कुल 3936 अभ्यर्थियों में से 3454 उपस्थित रहे, जबकि 482 अनुपस्थित रहे। इस तरह उपस्थिति 87.75 प्रतिशत और अनुपस्थिति 12.25 प्रतिशत दर्ज की गई।परीक्षा के अतिरिक्त समन्वयक व समसा एडीपीसी सर्वेशकुमार गुप्ता ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर की ओर से आयोजित यह परीक्षा एक पारी में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुई। अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे तक ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। केंद्रों के मुख्य द्वार पर सघन जांच और वीडियोग्राफी की गई तथा अभ्यर्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड के अनुसार ही प्रवेश मिला।परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे और पुलिस बल तैनात किया गया। निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर निगरानी रखी गई। परीक्षा संचालन के लिए 11 केंद्राधीक्षक, अतिरिक्त केंद्राधीक्षक, 17 पर्यवेक्षक, 7 पेपर कोऑर्डिनेटर तथा 411 वीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। साथ ही जिला कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम भी संचालित रहा।

### कार्य की धीमी गति पर जताई नाराजगी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** पश्चिम-मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य इंजीनियर (पीसीई) आशुतोष कोटा मंडल दौरे पर आए। पहले दिन आशुतोष ने गंगापुरसिटी, सवाई माधोपुर श्रीमहावीर जी, हिंडौन, आदि स्टेशनों पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कामों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य में धीमी चलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। साथ् ही अधिकारियों व ठेकेदारों को कार्य में तेज लाने के निर्देश दिए। सवाई माधोपुर में काम की देरी और दूसरा फेज का काम अभी तक शुरू नहीं होने पर अधिकारियों के समक्ष अपनी नाराजगी जताई। आशुतोष ने अधिकारियों और ठेकेदारों को चेताया की काम गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा हो। अन्यथा इसका खामियाजा भुगतने के लिए रहे। गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर फिलहाल स्टेशन पर तीन लिफ्ट और एक एस्केलेटर एक स्वचालित चलने वाली सीढ़ी का कार्य में देरी पर भी नाराजगी जताई। उल्लेखनीय की सवाई माधोपुर में पहले फेज का काम लगभग समाप्त हो चुका है। यहां पर दूसरे फेज का काम शुरू किया जाना है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों आशुतोष ने आशुतोष ने काम की देरी पर अपनी गहरी नाराजगी दर्शायी थी। आशुतोष ने ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट तक करने को कह दिया था। सवाई माधोपुर में आशुतोष ने रेल पटरी के एक पॉइंट का भी निरीक्षण किया। साथ ही जो कमी पाई गई उन्हें सुधारने के निर्देश दिए है।

### विप्र युवाओं ने निकाली बाइक रैली

**भरतपुर, (निसं)।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर ब्रह्माण समाज के युवाओ द्वारा एक बाईक रेली का आयोजन किया गया। बाईक रेली महारानी श्री जया महाविधालय के समीप यातायात चौराहे से प्रारम्भ हुयी जिसको संत रोहित महाराज , समाजसेवी पुष्पेंद्र लवानिया ,सर्व समाज महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल भारद्वाज, ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, सर्व ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष तारा चंद शर्मा चिचाना, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री डॉ. दयाचंद पचोरी, जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। बाईक रैली के संयोजक आकश शर्मा ने बताया की बाईक रेली का नेतृत्व विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रिय कार्यकारिणी सदस्य इन्दुशेखर शर्मा, युवा नेता मनीष तिवारी, हेमंत शर्मा पीरनगर, लखन शर्मा, बाईक रेली के संयोजक आकश शर्मा , सह संयोजक राहुल शर्मा मालीपुरा, अभी भारद्वाज आदि ने किया। बाईक रैली यातायात चौराहे से प्रारम्भ हुयी जिसका मथुरा गेट पहुंचने पर ए. आर ज्वेलर्स के दीपक भारद्वाज द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इसके साथ बंटू भाई फेशन के वीरेंद्र पाराशर , सार्वी शॉप के विपुल शर्मा, गुरु चाट भंडार ले पकंज शर्मा, परशुराम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष नेत्रकमल मुदगल द्वारा पेय जल वितरित कर स्वागत किया गया। बाईक रैली मे सैकड़ों की संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे।

### पिस्टल व 10 कारतूस सहित युवक धरा

**भरतपुर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत उद्योगनगर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल, मैगजीन, 10 जिंदा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मेन्द्र यादव एवं वृत्ताधिकारी ठाामीण कन्हैयालाल के सुपरविजन तथा थानाधिकारी पवन यादव के नेतृत्व में 17 अप्रैल को यह कार्रवाई की गई। मुखबिर से सूचना मिली थी कि जीडब्ल्यू फैक्ट्री के सामने एक युवक टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल पर बैठा है, जिसके पास अवैध हथियार है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां बताए गए हुलिये का युवक मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम कृष्णकांत पुत्र ओमवीर सिंह, उम्र 19 वर्ष, निवासी मडोली थाना किरावली जिला आगरा (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी चार थोक जघीना थाना उद्योगनगर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक 32 बोर की अवैध देशी पिस्टल, मैगजीन और लोअर की जेब से 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बिना नंबर की टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली। आरोपी के खिलाफ उद्योगनगर थाने में आर्म्स एक्ट की धारा 9/25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी पवन यादव, एएसआई ललित कुमार, कांस्टेबल राजेश, योगेश, प्रताप सिंह, अनिल कुमार एवं चालक प्रमोद शामिल रहे।

### 40 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

**भरतपुर, (निसं)।** अक्षय तृतीया पर आयोजित इस सम्मेलन में 40 जोडे परिणय सूत्र में बंधेंगे, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नवयुगलों को आशीर्वाद देने भुसावर पहुंचेंगे। भुसावर में सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए लोहे के पाइप से पांडाल तैयार करते मजदूर और आयोजन स्थल का दृश्य। भुसावर के नायावास स्थित सीओ ऑफिस परिसर में 19 अप्रैल को होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए तैयार किया जा रहा पांडाल। मीन मलमास की समाप्ति के साथ ही मांगलिक कार्यों का उल्लास पुन: लौट आया है। 14 अप्रैल को प्रात: 09 बजकर 32 मिनट पर सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही मलमास का समापन हो गया है, जिसके उपरांत अब 19 अप्रैल रविवार को अक्षय तृतीया (आखातीज) के पावन अवसर पर वर्ष का पहला अबूझ सावा आयोजित होगा। भरतपुर जिले के ऐतिहासिक कस्बे भुसावर में इस दिन सैनी समाज सेवा समिति तहसील भुसावर के तत्वावधान में माली, कुशवाह, शाक्य, मौर्य, यदुवंशी एवं सैनी समाज का प्रथम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए समाज के लोगों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।सैनी समाज तहसील भुसावर के अध्यक्ष चन्दर सैनी एवं उपाध्यक्ष व पार्षद रामस्वरूप सैनी बन्टी भगत ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बल्लभगढ़ सड़क मार्ग स्थित नायावास के पास सीओ ऑफिस परिसर में आयोजित होने वाले इस प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर कुल 40 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह बंधन में बंधकर अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत करेंगे।

